तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 17 मार्च 2026



11 विज्ञान और संस्कृति का दिखा अनूठा संगम





12 भंवरमरा में भक्त माता कर्मा जयंती धूमधाम...






## खबर संक्षेप

### पेंशनर्स का पांच सूत्रीय मांगों को लेकर का धरना-प्रदर्शन 20 को

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज रायपुर के निर्देशानुसार 20 मार्च को डौंडीलोहारा के बाजार चौक में पेंशनर्स द्वारा धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। यह धरना दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। तहसील शाखा डौंडीलोहारा के समस्त पेंशनर्स साथियों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धरना-प्रदर्शन को सफल बनाएं। बताया गया कि यह आंदोलन पेंशनर्स की पांच सूत्रीय मांगों के समर्थन में किया जा रहा है। पेंशनर्स की प्रमुख मांगों में पेंशनरी भुगतानों के लिए सहमति की प्रक्रिया समाप्त करने, महंगाई राहत पेंशन का भुगतान करने, छठवें वेतनमान के अनुसार 32 माह के एरियर का भुगतान करने, सातवें वेतनमान के अनुसार 27 माह के एरियर का भुगतान करने तथा पेंशनर्स कल्याण निधि से पेंशनरों को चिकित्सा भत्ता देने की मांग शामिल है। पेंशनर्स समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि इन मांगों को लेकर लंबे समय से सरकार से मांग की जा रही है, लेकिन अब तक समाधान नहीं होने के कारण धरना-प्रदर्शन का निर्णय लिया गया है। उन्होंने सभी पेंशनर्स से आंदोलन में सहभागी बनने की अपील की है।

### प्रदेश में चालान की आनलाइन प्रक्रिया शुरू

**बालोद।** राज्य शासन द्वारा भौतिक चालानो का प्रचलन समाप्त किए जाने एवं ऑनलाईन माध्यम से ही चालान जमा करने हेतु ओवर द काउंटर ओटीसी की सुविधा गत वर्ष लागू की गई है। ओटीसी सुविधा अंतर्गत ई–चालान पोर्टल पर चालान जमा करते समय चालान का डेटा बैंक को ऑनलाइन ट्रान्सफर कर दिया जाता है जिससे बैंक स्तर पर पुनः चालान प्रविष्टि की आवश्यकता नही रहती है। बैंक काउंटर पर केवल ऑनलाईन जेनरेट चालान जिसमे ट्रेसरी रिफरेंस नंबर (टीआरएन) की प्रविष्टि करके राशि जमा की जाती है, एवं बैंक द्वारा एमआईएस कोषालय में ऑनलाईन प्रस्तुत किया जाता है। इस व्यवस्था को लागू करने से डेटा प्रविष्टि की त्रुटियों में कमी तथा लेखांकन सही रूप में हो सकेगा। इसके साथ ही ई चालान पोर्टल में सर्च चालान विकल्प के माध्यम से जमाकर्ता चालान का प्रिंट ले सकता है, जो भौतिक चालान में संभव नहीं है।

### वन कर्मचारी संघ ने पूर्व प्रांताध्यक्ष मूलचंद को सम्मानित किया



**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ रायपुर की प्रांतीय बैठक पंडरी रेंजर एसोसिएशन हॉल में आयोजित की गई। बैठक में प्रांताध्यक्ष अजीत दुबे, राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश कुमार मिश्रा, पूर्व संरक्षक एच.बी. शास्त्री, पूर्व प्रांताध्यक्ष मूलचंद शर्मा, प्रांतीय सचिव सामंत राय, कार्यवाहक अध्यक्ष अखंड तिवारी, मुकेश दुबे, श्री सिन्हा सहित प्रदेश के समस्त प्रांतीय पदाधिकारी, संभाग पदाधिकारी एवं जिलाध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पूर्व प्रांताध्यक्ष मूलचंद शर्मा के कार्यकाल में संगठन को मिली महत्वपूर्ण उपलब्धियों का उल्लेख किया गया। उनके कार्यकाल में वनरक्षकों का वेतनमान वर्ष 2003 से 2750-3000 किया गया। वनरक्षक एवं वनपाल के पदनाम में परिवर्तन, गणवेश में आधारभूत सुधार तथा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बजट में सेटअप सृजित कर लगभग 1000 पदों की स्वीकृति जैसी महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल हुईं। इन उपलब्धियों के लिए पूर्व प्रांताध्यक्ष मूलचंद शर्मा एवं पूर्व पदाधिकारियों को श्रेय देते हुए सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। शेष पेज 10 पर

# वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में जिले की बेटियों ने बढ़ाया मान, जीते स्वर्ण व कांस्य पदक

## उपलब्धियों के बाद खिलाड़ियों ने कलेक्टर दिव्या मिश्रा से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ राष्ट्रीय ट्राइबल वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए पांच खिलाड़ियों का चयन

चंडीगढ़ में 05 से 10 मार्च तक आयोजित ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में बालोद जिले की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं कोच अनीता शिंदे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल किया।

उनके मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त खिलाड़ियों ने भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार सफलता प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। खेलो इंडिया महिला लीग में निकिता ने स्वर्ण पदक तथा हेमा ने कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में मोनिका धुरव ने स्वर्ण पदक के साथ–साथ बेस्ट महिला खिलाड़ी का खिताब भी अपने नाम किया। इन उपलब्धियों के बाद सभी महिला खिलाड़ी आज कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर दिव्या मिश्रा से मुलाकात की और अपनी उपलब्धियों एवं अनुभवों को साझा किया।

कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने कहा कि जिले की बेटियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने खिलाड़ियों को आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया।



### उत्कृष्ट प्रदर्शन से गौरवान्वित

इस दौरान खिलाड़ियों ने बताया कि आगामी राष्ट्रीय ट्राइबल वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता, जो 26 से 29 मार्च तक राजधानी रायपुर में आयोजित होने जा रही है, उसमें दल्ली राजहरा के पांच खिलाड़ियों निकिता, मोनिका, किरण पोटाई, कुमारी आशा गोंड और सौरभ कुमार का चयन हुआ है। कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने सभी चयनित खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से एक बार फिर जिले का नाम गौरवान्वित करेंगे।

## बैठक : शिविरों में प्राप्त आवेदनों का समय पर निराकरण होगा

# कलेक्टर मिश्रा ने समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ पेयजल व्यवस्था, ई–ऑफिस प्रणाली और गैस आपूर्ति पर अधिकारियों को दिए निर्देश

कलेक्टर दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, कलेक्टर जनदर्शन सहित समय–सीमा के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने सभी विभागों से लंबित मामलों की जानकारी लेते हुए उनके त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री के जिले में प्रवास के दौरान की गई घोषणाओं के प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर शासन को भेजे जाएं। उन्होंने अधिकारियों को इस कार्य को गंभीरता से लेने के निर्देश देते हुए कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु के आगमन को देखते हुए जिले में पेयजल व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रें में पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिक प्रभावित गांवों की सूची तैयार कर आवश्यकतानुसार बोर खनन कराने के निर्देश दिए, ताकि गमएँ के दौरान लोगों को पेयजल के लिए परेशानी न हो। कलेक्टर ने ई–ऑफिस प्रणाली और आधार बेस्ड उपस्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा सरकारी कामकाज को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए ई–ऑफिस प्रणाली लागू की गई है, इसलिए सभी विभागीय अधिकारी सुनिश्चित करें कि सरकारी कार्य इसी प्रणाली के माध्यम से किए जाएं। साथ ही अधिकारियों को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की समय पर कार्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने बताया कि शासन की मंशानुसार जिलेवासियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सभी विकासखंडों में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करना सुनिश्चित किया जाए।





### कालाबाजारी रोकने टीम गठित

बैठक में कलेक्टर ने खाद्य विभाग के अधिकारियों से घरेलू गैस की उपलब्धता और आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने ग्रामीण और शहरी उपभोक्ताओं के लिए निर्धारित बुकिंग समय–सीमा, गैस कनेक्शन की सुरक्षा जांच तथा घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग पर रोक लगाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी रोकने के लिए टीम गठित कर गैस गोदामों का निरीक्षण करने और आपूर्ति पर सतत निगरानी रखने को कहा। उन्होंने व्यावसायिक होटलों और अन्य संस्थानों में घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग की जांच करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा हाल ही में प्रदेश के कुछ क्षेत्रें में मादक पदार्थों की खेती की सूचना मिलने के मद्देनजर कलेक्टर ने कृषि, उद्यान, राजस्व और वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि संभावित क्षेत्रें का गंभीरता से निरीक्षण कर इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बैठक के दौरान कलेक्टर ने समय–सीमा के लंबित विभिन्न प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों से प्रकरणों के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं की जानकारी लेते हुए सभी अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

# वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मौत

दुकान बंद कर घर जा रहे व्यापारी की सड़क हादसे में मौत हो गई। मामला शहर के गंजपारा क्षेत्र में रविवार शाम का बताया जा रहा है जहां सड़क हादसे में नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष सुखित राम साहू 60 वर्ष की मौत हो गई। वे वर्ष 1994 में नगर पालिका बालोद के उपाध्यक्ष रह चुके थे और शहर के सर्वोदय मंडल के संरक्षक भी थे।

मिली जानकारी के अनुसार, सुखित राम साहू गंजपारा स्थित एफसीआई गोदाम के पास अपनी दुकान सर्वोदय ऑटो पाट्र्स बंद कर स्कूटी से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान दुर्गा मंदिर के सामने रात 8 बजे एक विंगर वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि उनके सिर में गहरी चोट लगी और उनकी मौके शेष पेज 10 पर

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक घायल

गुण्डरदेही। कचांदुर मुख्य मार्ग पर सोमवार को एक दर्दनाक हादसे में भाठागांव आर के एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, वही दुसरा घायल हो गया। जिसका उपचार जारी है। मिली जानकारी के अनुसार भाठागांव आर निवासी महेंद्र पटेल पिता अर्जुन पटेल 30 वर्ष व उनके साथी दानी राम साहू पिता इतवारी साहू 40 वर्ष दोनों बाइक क्रमांक सीजी 07 एलएम 8861 से गुण्डरदेही तहसील कार्य के लिए आया था। जहां दोनों शाम 4 बजे काम निपटाकर कचांदुर की ओर जा रहे थे। इस दौरान कचांदुर मुख्य मार्ग बस स्टैंड के पास इनकी बाइक मवेशी से टकराकर लड़खड़ा गया। जहां दुर्ग की ओर से आ रही तेज रफ्तार मांइस की ट्रक सीजी 05 बीवन 1811 ने कुचल दिया। जहां घटना में भाठागांव आर निवासी बाइक सवार महेंद्र पटेल की घटनास्थल पर मौत हो गई, वही उनके दुसरे साथी दानी राम साहू घायल हो गए। जिसको उपचार के लिए गुण्डरदेही शेष पेज 10 पर

आरटीओ की कथित अवैध वसूली और मिर्रीटोला में दुर्घटनाओं का मुद्दा भी उठाया

# विधानसभा में उठा बस्तर के पोटा केबिन का मामला, विधायक ने की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बस्तर के गंगारोल गांव में स्थित पोटा केबिन में तीन बच्चीयों के गर्भवती होने का मामला आज विधानसभा में बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने उठाया। इसके साथ ही संगीता सिन्हा ने आरटीओ द्वारा एनएच 30 में आरटीओ द्वारा किए जा रहे अवैध वसूली का विषय भी विधानसभा में उठाया।

संगीता सिन्हा ने कहा बस्तर के इसी पोटा केबिन में दो साल पूर्व भी ऐसा ही मामला सामने आया था। तब मैं कांग्रेस पार्टी की ओर से



गठित जांच कमेटी में जांच करने पहुंची थी। सरकार ने पिछली घटना से सबक नही लिया और ना ही स्थिति में कोई सुधार किया जिसका नतीजा यह है कि आज फिर तीन बच्चीयां अनाचार का शिकार हो गई। संगीता सिन्हा ने कहा सरकार की संवेदनशीलता, लापरवाही का ही यह परिणाम है कि आज प्रदेश मे बच्चीयां सुरक्षित नही है। संगीता सिन्हा ने कहा सरकार मामले में अविलंब जांच कर दोशियो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करे।

संगीता सिन्हा ने विधानसभा में आरटीओ द्वारा जांच के नाम पर की जा रही अवैध वसूली का विषय भी विधानसभा में उठाया। संगीता सिन्हा ने कहा रायपुर से लेकर बस्तर तक आरटीओ द्वारा कैंप लगाकर जांच के नाम पर वाहन चालको से अवैध वसूली की जा रही है इसे तुरंत बंद करे। संगीता सिन्हा ने गुरूर विकासखण्ड के ग्राम मिर्रीटोला में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के डिवाईडर के स्टार्टिंग प्वाइंट में किसी प्रकार का कोई सुरक्षात्मक व्यवस्था नही रहने से डिवाईडर से टकराकर हो रही दुर्घटनाओ की ओर भी सरकार का ध्यान विधानसभा में आकर्शित किया।

संगीता सिन्हा ने कहा राष्ट्रीय विभाग की लापरवाही से लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे है। डिवाईडर के स्टाटिंग प्वाईस से पाईटर ट्रैफिक सिग्नल लगाने की बात कही जिस पर मंत्री ने तुरंत सिग्नल लगाने का आ"वासन दिया।

# कक्षा पांचवी की केंद्रीकृत परीक्षा जामगांव आर में 22 विद्यार्थियों ने दी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा 5 वी केंद्रीयकृत परीक्षा सोमवार को प्रारंभ हुई। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में शासकीय प्राथमिक शाला मोहभट्ठा के हेडमास्टर अमित चंद्राकर केन्द्राध्यक्ष है। विद्यालय में 22 विद्यार्थियों ने परीक्षा दिए। प्रथम दिवस गणित का पेपर हल करने के बाद प्रसन्नचित मुद्रा में विद्यार्थी मिलकर एक दूसरे का हाल चाल पूछे सबसे कहा पेपर अच्छा आया था। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर प्राचार्य पीएल बारले ने बच्चों को प्रभावी मोटिवेट करते हुए बताया कि वार्षिक परीक्षा में 5 वी 8 वी एवं 10 वी में 90 प्रतिशत या अधिक आने पर अगले कक्षा प्रवेश इच्छुक विद्यार्थी के शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी। यह नियम शासकीय अशासकीय सभी विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए लागू है।

## भव्य कलश यात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

# भक्त मां कर्मा जयंती पर 6 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

तहसील साहू संघ दल्ली राजहरा के तत्वावधान में संत शिरोमणि भक्त मां कर्मा की जयंती पर दो दिवसीय आयोजन उत्साह और श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व अध्यक्ष शीतल साहू ने किया। आयोजन में पहले दिन विशाल कलश यात्रा निकाली गई, जबकि दूसरे दिन 6 जोड़ों का सामूहिक आदर्श विवाह सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम में समाज सहित अन्य समाजों के लगभग 2000 से अधिक लोग शामिल हुए।

पहले दिन 14 मार्च को भक्त मां कर्मा मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकाली गई। झांकी मंदिर से शहीद वीर नारायण सिंह चौक, माइंस ऑफिस चौक, श्रमवीर चौक, बस स्टैंड चौक और गांधी चौक होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। लगभग 5 किलोमीटर की यात्रा शाम 5 बजे शुरू होकर रात 9 बजे समाप्त हुई। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर शरबत, बिस्किट और पानी का वितरण किया गया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए, वहीं समाज की दो दिव्यांग बेटियों की भागीदारी भी आकर्षण का केंद्र रही। पहले दिन संध्या समय छत्तीसगढ़ी परंपरा के अनुसार आदर्श विवाह के लिए तेल मायन और हल्दी की रस्में निभाई गईं।





दूसरे दिन 15 मार्च को सत्यनारायण पूजा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद खिचड़ी प्रसाद वितरण किया गया। गांधी चौक दुर्गा मंच में बाजे-गाजे और राउत नाचा के साथ वर पक्ष का स्वागत किया गया। मां कर्मा महिला समिति के नेतृत्व में वधु पक्ष ने अतिथियों और बारात का स्वागत किया। इसके बाद 6 जोड़ों का सामूहिक आदर्श विवाह सम्पन्न कराया गया।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्रीतम साहू, महेंद्र साहू, टहल राम साहू, तोरण लाल साहू, तुका राम साहू, कुबेर साहू, पुरोबी वर्मा, काशी निषाद और घनश्याम पारकर उपस्थित रहे। वक्ताओं ने सामूहिक विवाह को समाज के लिए प्रेरणादायक पहल बताते हुए फिजूलखर्ची से बचने और सामाजिक एकता को मजबूत करने शेष पेज 10 पर

# एचपीवी टीकाकरण अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ 14 वर्ष की किशोरियों को लगाया जाएगा टीका

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. जेएल. उइके के मार्गदर्शन में 16 मार्च को सर्विकल कैंसर के विरूद्ध राष्ट्रीय ए च पी ० ही टीकाकरण अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ जिला चिकित्सालय बालोद के मातृ एवं शिशु अस्पताल में 14 वर्षीय बालिका रिया देवदास पिता विजय देवदास एवं गार्गी देशमुख पिता सूर्यकान्त देशमुख को एचपीव्ही वैक्सीन से टीकाकृत करके किया गया। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डा. जितेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि सर्विकल कैंसर शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप

### डेयरी व्यवसाय के लिए गोकुल नगर में रियायत दर पर मिलेगी जमीन

**दुर्ग।** डेयरी व्यवसाय को सुव्यवस्थित करने तथा इच्छुक हितग्राहियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वार्ड क्रमांक 55 पुलगांव स्थित गोकुल नगर में रिक्त भूखण्डों के व्यवस्थापन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। नगर निगम द्वारा इस योजना के तहत निगम सीमा क्षेत्र के भीतर व्यवसाय कर रहे डेयरी व्यवसायियों के साथ-साथ शासन द्वारा संचालित विभिन्न परिवार मूलक एवं समूह मूलक रोजगार योजनाओं के उन हितग्राहियों को भी अवसर प्रदान किया जा रहा है, जो डेयरी व्यवसाय स्थापित करना चाहते हैं। ऐसे इच्छुक आवेदक गोकुल नगर क्षेत्र में रियायती दर पर भूखण्ड आबंटन के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नगर निगम द्वारा इच्छुक हितग्राहियों से 26 मार्च तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। नगर निगम प्रशासन द्वारा बताया गया है कि गोकुल नगर से आगे पोटिया तक जाने वाली सड़क के चौड़ीकरण का प्रस्ताव भी तैयार किया गया है, जिससे आने वाले समय में इस क्षेत्र में आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।

### बोरई इंडस्ट्रीयल क्षेत्र 1 वर्ष के लिए संरक्षित क्षेत्र घोषित

**दुर्ग।** जिले में स्थित मेसर्स सुविधि इस्पात संयंत्र प्रा.लि., वर्कस बोरई इंडस्ट्रीयल ग्रोथ सेंटर रसमड़ा के परिसर एवं आसपास के क्षेत्र को प्रशासन ने एक वर्ष के लिए संरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है। यह निर्णय सुरक्षा एवं औद्योगिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, उप संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दुर्ग द्वारा भी अनुसूची में दर्शित क्षेत्र को संरक्षित क्षेत्र घोषित करने की अनुशंसा की गई थी। इन सभी अनुशंसाओं के आधार पर छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा के तहत राज्य सरकार द्वारा यह आदेश जारी किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अभिजीत सिंह के आदेशानुसार संरक्षित क्षेत्र में विधि द्वारा अधिकृत व्यक्तियों एवं आवेदक द्वारा प्रवेश करने के लिए अधिकृत व्यक्तियों को छोड़कर अन्य व्यक्तियों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

# शिविर में 2511 लोगों का नेत्र परीक्षण, 265 मोतियाबिंद के मरीज मिले

#### मोबाइल और टीवी से दूरी बनाकर रखने की सलाह भी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



विश्व ग्लाकोमा सप्ताह में 2511 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया, जिसमे 265 मोतियाबिंद के मरीज मिले। जिलाधीश दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएल. उईके जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश शर्मा, सहायक जिला नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में 8 मार्च से 14 मार्च 2016 तक विश्व ग्लाकोमा सप्ताह का आयोजन पूरे जिले के प्रत्येक विकास खण्ड में किया गया। सहायक जिला नोडल अधिकारी अंधत्व जिला बालोद अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि प्रचार प्रसार के माध्यम से जन जागरुकता अभियान चलाया गया। पूरे जिले में 114 शिविरों के माध्यम से 2511 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया, परीक्षण उपरान्त संभावित ग्लाकोमा के मरीज 09, मोतियाबिन्द 265, वाटरिंग वाले 134, रेडनेश लाल आंख 111, टेरेजियम 106, विटामिन ए की कमी 08, अफेकिया 12 ड्राय आई 38, कंजेक्टिवाइटिस 34, वाइरल कंजेक्टिवाइटिस 4 मरीज मिले। सभी मोतियाबिंद मरीजों का आपरेशन जिला अस्पताल एवं गैर सरकारी संस्था एनजीओ के माध्यम से कराया जावेगा। इस दौरान जिला अस्पताल में 12 मरीजों का आपरेशन किया गया। गैर सरकारी संस्था (एनजीओ) द्वारा 54 मरीजों आपरेशन किया गया। नजदीक नजर का चश्मा 195 मरीजों को निःशुल्क वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मुख्यता –दृष्टिहीनता को रोकना, सही समय पर मरीजों को पहचान कर ईलाज हेतु उच्च संस्थान (शासकीय) में जिला–चिकित्सालय एवं चिकित्सा महाविद्यालय तथा एम्स में भेजना। विश्व ग्लाकोमा सप्ताह आयोजन सभी विकासखण्ड में किया गया। जिसमें आम जनता जागरूक होकर समय पर अपना ईलाज करा सके। परिचर्चा एवं संगोष्ठी के माध्यम से पढ़ने वाली बच्चों का मोबाईल एवं टी.बी. से दूरी बनाकर रखने की सलाह दी गई। टी.बी., मोबाइल से ज्यादा देर तक लगे रहने से नजर की कमी, आंखो में जलन आंखों में दर्द, आंखों के परदा में परेशानी आ सकती है। आजकल ज्यादातर बच्चे सिरदर्द की शिकायत लेकर खास्थ्य संस्था में ज्यादा पहुंचते है। नजर ठीक होने के बाद भी सिर दर्द की शिकायत ज्यादा करते है। ये सब ज्यादा मोबाईल का उपयोग करने की वजह से होता है। इससे बचना जरूरी है सभी स्वस्थ्य रहे। स्वास्थ्य विभाग की विशेष आग्रह है।

#### आयोजन : विविध प्रतियोगिताएं और निकाली कलशयात्रा

# ग्राम कसही में कर्मा जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा



समीप के ग्राम कसही (लो) में भक्त मां कर्मा की जंयती मनाई गयी समाज की महिलाओं नें भव्य कलश यात्रा बाजे गाजे के साथ भक्त मां कर्मा, राजीम माता, दानबीर भामाशाह की जय घोष करते हुये गली भ्रमण किया गया। समस्त अतिथियों ने गरुड़ ध्वज फहराया एवं भक्त मां कर्मा की विधिवत पूजा अर्चना एवं मंगल आरती किया गया, इस पावन बेला में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे अनेक प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें प्रथम भक्त मां कर्मा का चित्र ,दूसरा जल सरंक्षण, तीसरा पेड़ बचावो, चौथा कृष्ण भगवान का चित्र,पांचवा नशा मुक्ति का रंगोली में बनाया गया। सभी को पुरुस्कृत किया गया, मुख्य अतिथि एन कुमारी राणा सरपंच ने अपने उद्बोधन में कहा कि अनेकता में एकता भारत देश की विशेषता है।

एकता में वो ताकत है कि समाज विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है असंभव से असंभव काम को संभव किया जा सकता है। नरेन्द्र साहू ( उप सरपंच ) ने कहा कि कोई भी समाज हो आदर्श विवाह को प्राथमिकता देना चाहिए जिससे कम खर्च में विवाह सम्पन्न हो साथ ही शिक्षा को बढ़ावा देते हुए 10वी और 12वी कक्षा में प्रथम आये छात्र को मेमोन्टो प्रदान किया गया । महावीर कलिहारी कोषाध्यक्ष ओ.बी.सी महासभा ने भक्त मां कर्मा के जीवनी पर प्रकाश डालते हुये कहा कि माता कर्मा अपने भक्ति और कर्म से महान बनी। धर्मेन्द्र साहू (समाजसेवी) एवं बसंत कुमार हिरवानी ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर डोमेन्द्र राजपूत जनपद सदस्य, आत्माराम खरे सेवानिवृत्त प्रधान पाठक, ढेलू गुरुपंच पटेल, राममिलन हिरवानी, बंसती साहू, ज्ञानेश्वरी, प्रीति साहू, डोमन सोरी, अनिल साहू, रोहित चंदनमलागर, माखन साहू, नरसिंह साहू, लाल सिंह साहू ग्रामीण अध्यक्ष एवं साहू समाज के समस्त पदाधिकारी गण और अन्य समाज से आये हुये समस्त वरिष्ठ जन और ग्राम के समस्त नागरिक उपस्थित हुए साथ ही रात्रिकालीन जय मां सरस्वती रामधुनी पार्टी कसही गायक राममिलन हिरवानी ने ताड़का वध की झांकी एवं गायन कर समस्त ग्रामवासियों का मनमोह लिया।

## ग्राम सिरपुर में कर्मा जयंती धूमधाम से मनाई





**डौंडीलोहारा।** ग्राम सिरपुर (बगईकोन्हा) में ग्रामीण साहू समाज एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आराध्य संत माता कर्मा तथा भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति स्थापना एवं कर्मा जयंती महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पंचायत डौंडीलोहारा के अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम की उपस्थिति में विधिवत पूजा-अर्चना से हुआ। इसके बाद देव कन्याओं एवं सुहागिन महिलाओं द्वारा पीली साड़ी और पारंपरिक वेशभूषा में भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गई। वाद्ययंत्रों की धुन, आतिशबाजी और माता कर्मा के जयकारों के साथ कलश यात्रा ने पूरे गांव का भ्रमण किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि के करकमलों से गरुड़ ध्वजारोहण किया गया।

इसके बाद माता कर्मा की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कीर्तन साहू ने की। इस अवसर पर राजाराम तारम जिला पंचायत सदस्य, सेवन्त नेताम, संतोष साहू, बसंती-रोहित चंदन मलागर, रोहित भौसार्य, मोहित भौसार्य, गौतम तारम, पवन टेभुर्ने, रघुनाथ भौसार्य, इंदर सिंह उइके, निर्मल पारख, शिवेंद्र बहादुर साहू सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में माता कर्मा के आदर्शों और उनके बताए मार्ग का अनुसरण करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। साथ ही शैक्षणिक, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली युवाओं एवं बच्चों को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रत्नावली मानस परिवार सहगांव द्वारा रामचरितमानस की प्रस्तुति दी गई, जिसमें व्याख्याकार एम.एल. वर्मा ने माता सती अनुसुईया के प्रसंग पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक पीलू राम साहू ने किया तथा आभार प्रदर्शन संरक्षक पूरनलाल साहू ने किया। आयोजन को सफल बनाने में साहू समाज के अनेक सदस्यों एवं समस्त ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा।

# निगम व पुलिस की कार्रवाई पर भारी पड़ रहे हैं नकटा तालाब के अतिक्रमणकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई नगर निगम के जोन 2 अंतर्गत वार्ड 22 कुरूद ढांचा भवन में स्थित नकटा तालाब में एक ऐसा अतिक्रमणकारी है, जो निगम और पुलिस प्रशासन के ऊपर भारी पड़ रहा है। कुछ महीने पहले तक इस तालाब की मेड़ के ऊपर कई लोगों ने बेजा कब्जा करके मकान बनाकर रहना शुरू कर दिया था। निगम की जोन कमिश्नर येशा लहरे और भवन अनुज्ञा विभाग की टीम ने मिलकर इस बेजा कब्जा को तोड़ा और सभी को पीएम आवास का लाभ भी दिया। इसके बाद भी यहां एक ऐसा कब्जेदार है, जिसका पक्का मकान टूटने के बाद उसने पीएम आवास भी ले लिया और फिर से तालाब के ऊपर झोपड़ी बनाकर रहना शुरू कर दिया है। हालत यह है कि इसके यहां आने वाले लोग आए दिन तालाब के किनारे बैठकर शराब पार्टी करते हैं और फिर आपस में गाली गलौज कर वहां का माहौल खराब करते हैं।

इसकी शिकायत कई बार निगम कमिश्नर राजीव पाण्डेय और जोन कमिश्नर येशा लहरे से की जा चुकी है, लेकिन वो लोग अतिक्रमणकारी से इतना डरे हैं कि तालाब के ऊपर हो रहे बाकी बेजा कब्जा को तो तोड़ देते हैं, लेकिन उसके कब्जा को तोड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। निगम की इस लचर कार्यशैली के चलते आसपास के रहवासी जो निगम को हर साल लाखों को टैक्स देते हैं, वो परेशान हैं। लोगों का कहना है कि निगम को चाहिए कि वो इस पर कार्रवाई करे और अतिक्रमण करने वाली की झोपड़ी को तोड़कर वहां रखा उसका सारा सामान जब्त करे या फिर उसे आवंटित पीए आवास के पास भेजे।

### मंदिर आने जाने वालों को होती है परेशानी

इसी तालाब के ऊपर मां दुर्गा का भव्य मंदिर हैं। इस मंदिर हर दिन सुबह और शाम को सैकड़ों महिलाएं पूजा पाठ करने पहुंचती हैं। दिन के समय तो ठीक है, लेकिन शाम को यहां माहौल इतना खराब हो जाता है कि महिलाओं को यहां से आने जाने में डर लगने लगता है। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि यहां पुलिस की गश्त पहले से कम हो गई है। पुलिस को चाहिए कि यहां अचानक राउंड मारे और शराब या गांजा पीते जाने वालों के ऊपर सख्त कार्रवाई करे। साथ ही महिला के झोपड़ी में बैठे लोगों का भी अल्कोहल जांच करे और यहां से इस बेजा कब्जा को निगम के साथ मिलकर हटवाए।

# जल दिवस पर जागरुकता अभियान को लेकर निगम में किया गया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



### टंकियों में मीटर गेज लगाने और टैंकरों के संधारण पर दिया गया जोर

बैठक में शहर में जल प्रबंधन को और अधिक व्यवस्थित बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। समिति के सदस्यों ने सभी जल टंकियों में पानी के स्तर की सही जानकारी के लिए मीटर गेज लगाने का सुझाव दिया, ताकि जल वितरण व्यवस्था को बेहतर ढंग से नियंत्रित किया जा सके। इसके साथ ही जल आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के लिए जल टैंकरों का तत्काल संधारण मेंटेनेंस करने तथा आवश्यकता अनुसार टैंकरों के लिए वाहन चालकों की संख्या बढ़ाने का भी प्रस्ताव रखा गया।

महापौर अलका बाघमार के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम दुर्ग में जलकार्य समिति की बैठक आयोजित की गई। जल कार्य प्रभारी लीना–दिनेश देवांगन की अध्यक्षता में यह बैठक जलगृह कार्यालय स्थित उनके कक्ष में आयोजित हुई, जिसमें आगामी 22 मार्च विश्व जल दिवस के मद्देनजर शहर में जल जागरूकता अभियान चलाने के संबंध चर्चा कर समिति के सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों पर महापौर से चर्चा कर आयोजन की रूप रेखा तय करने का निर्णय लिया गया।

**जल संरक्षण और बेहतर जल प्रबंधन पर हुई चर्चा :** बैठक के दौरान सदस्यों ने विश्व जल दिवस के अवसर पर जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और शहर में जल प्रबंधन व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए विभिन्न सुझाव दिए। समिति ने इस अवसर को जनभागीदारी से जोड़कर जल संरक्षण का संदेश व्यापक स्तर पर पहुंचाने पर भी बल दिया। इस दौरान समिति सदस्य गुलाब वर्मा, पायल पाटिल, मनोज सोनी, रेखा बंजारे तथा नगर निगम के उपअभियंता विनोज मांझी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे, जिन्होंने बैठक में अपने सुझाव एवं विचार साझा किए।

# कुम्हारी-अहिवारा-बेरला मुख्य जिला मार्ग के लिए 90.70 करोड़ स्वीकृत

#### अंधे मोड़ का किया जाएगा संधारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

- उप मुख्यमंत्री साव के अनुमोदन के बाद स्वीकृति का पत्र जारी

राज्य शासन ने कुम्हारी-अहिवारा-बेरला मुख्य जिला मार्ग के मजबूतीकरण और चौड़ीकरण के लिए 90 करोड़ 69 लाख 87 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं।

इस राशि से 51.40 किमी सड़क का मजबूतीकरण और चौड़ीकरण किया जाएगा। साथ ही 1.40 किमी लंबाई के अंधे मोड़ का पुनर्रेखन भी किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद राज्य शासन ने मंत्रालय से राशि स्वीकृति के संबंध में प्रमुख अभियंता को परिपत्र जारी कर दिया है। श्री साव ने कार्य में प्रयुक्त की जाने वाली सामग्रियों एवं संपूर्ण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। किसी भी स्तर पर कार्य की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर उत्तरदायित्व का निर्धारण करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। लोक निर्माण विभाग ने प्रमुख अभियंता को कार्य की निविदा समय-सीमा में करने, निर्माण कार्य प्राक्कलन व कार्य संपादित करने में मितव्ययिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने निर्माण एजेंसी से अनुबंधित समय-सीमा में काम पूर्ण किया जाना सुनिश्चित कराने को कहा है। कार्य पूर्ण किये जाने के लिए अनावश्यक समय-सीमा वृद्धि नहीं किए जाने के भी निर्देश विभाग ने दिए हैं। अपरिहार्य एवं नियंत्रण से बाहर मान्य कारणों के आधार पर ही सक्षम अधिकारी द्वारा समय-सीमा में वृद्धि की जा सकेगी।

# दादा-दादी नाना-नानी पार्क के सामने महापौर अलका बाघमार ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



- महापौर अलका बाघमार ने लकवा प्वाइंट पहुंचकर व्यवस्थाओं का किया

दादा-दादी नाना-नानी पार्क के सामने स्थित लकवा प्वाइंट का महापौर अलका बाघमार ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थल की वर्तमान स्थिति का जायजा लेते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं और विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की।

महापौर अलका बाघमार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नागरिकों की सुविधा और क्षेत्र की सुव्यवस्थित व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए यहां आवश्यक सुधार कार्यों को प्राथमिकता के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि नगर के प्रमुख स्थलों को बेहतर और सुरक्षित बनाने के लिए नगर निगम निरंतर प्रयास कर रहा है। निरीक्षण के दौरान महापौर के साथ देवनारायण चंद्राकर नगर निगम पीडब्ल्यूडी प्रभारी तथा इंजीनियर हरिशंकर साहू भी उपस्थित रहे।

इस दौरान अधिकारियों ने महापौर को स्थल से संबंधित तकनीकी जानकारी देते हुए संभावित विकास कार्यों की रूपरेखा से अवगत कराया। महापौर ने क्षेत्र में स्वच्छता, सौंदर्यीकरण और नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए, ताकि यहां आने वाले नागरिकों को बेहतर वातावरण और सुविधाएं उपलब्ध हो।

#### गर्ल्स कॉलेज में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

# विभिन्न खेलों के खिलाड़ी किए गए पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



- कन्या महाविद्यालय में किया गया आयोजन

शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दुर्ग में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रीति साहू, जनभागीदारी अध्यक्ष दुर्ग, विषिष्ट अतिथि डॉ. अजय सिंह प्राचार्य, शाव्हीयाता. स्वशासी महाविद्यालय उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने छात्रओं को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय की छात्राएँ शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ साहित्यिक, सांस्कृतिक, क्रीड़ा, रेडक्रास, राष्ट्रीय सेना योजना एवं अन्य गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा को निखारने का सराहनीय कार्य किया है। यह पुरस्कार वितरण समारोह छात्राओं को प्रेरित करने उनकी उपलब्धियों की प्रषंसा करने एवं उन्हें भविष्य के लिए प्रोत्साहित करने का महत्पूर्ण अवसर होता है। मुख्य अतिथि प्रीति साहू ने छात्राओं को प्रेररित करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत समर्पण एवं उत्कृष्ट प्रदर्षन से लक्ष्य अवष्य प्राप्त होता है। अतः लक्ष्य प्राप्त करने हेतु सदैव कार्य करते रहना चाहिए। विषिष्ट अतिथि डॉ. अजय सिंह ने कहा कि हमें शिक्षा के साथ ही समाजिक दायित्व का भी निर्वहन करना पड़ता है, ज्ञान संघर्षो द्वारा प्राप्त होता है। असफलता के बाद ही सफलता प्राप्त होती है। अतः निष्ठापूर्वक कार्य करने से हमें मंजिल अवष्य प्राप्त होती हैं। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा महाविद्यालयीन पत्रिका कैम्पस न्यूज का विमोचन किया गया।।

### इन्हें मिला पुरस्कार

वार्षिक पुरस्कार समारोह में विष्वविद्यालय की प्रावीण्य सूचीं में इस वर्ष प्रथम पर अनामिका सिंह बीएससी, नेहा सिन्हा एमएससी गृहविज्ञान, युरानी चंदेल एमए गृह विज्ञान रहीं, द्वितीय पर कु. माधवी देवांगन एमएससी वनस्पति शास्त्र, कु. भूमि चन्द्राकर एमएससी प्राणीशास्त्र रही, तृतीय पर कु. आयषा खान बीकॉम, मानसी प्रसाद बीएससी. गृहविज्ञान, मनीषा प्रजापति एमए अर्थषास्त्र रही, सातवें पर कु. नोमिका साहू एमए भूगोल रहीं, आठवें पर कु. सुष्मिता पाढ़ी एमएससी रसायन शास्त्र, दसवें पर नितिषा राणा एमएससी भौतिक शास्त्र को प्रमाण-पत्र व मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। महाविद्यालय की कुल 32 छात्राओं ने विष्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाया।

## पेज 9 के शेष

### वाहन की टक्कर ...

पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों ने उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

### ट्रक की टक्कर बाइक ...

अस्पताल लाया गया। जहां गंभीर सथिति को देखते हुए उनको रिफर किया गया। इधर सुचना के बाद गुण्डरदेही पुलिस मौके पर पहुंचकर मांइस ट्रक को जप्त कर आगे की कार्रवाई शुरु कर दी है।

### भक्त मां कर्मा जयंती ...

की बात कही। अध्यक्ष शीतल साहू ने कहा कि साहू समाज न केवल अपने समाज बल्कि अन्य समाजों के युवाओं के लिए भी आदर्श विवाह का आयोजन करता है। इसका उद्देश्य समाज में सामंजस्य और सादगीपूर्ण विवाह की परंपरा को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी लैलन कुमार साहू को दानवीर भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया गया। नवविवाहित जोड़ों को वैवाहिक वस्त्र, श्रृंगार सामग्री, बर्तन तथा अन्य उपहार प्रदान किए गए। वृक्ष मित्रों ने नवदंपतियों को आम के पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। मंच संचालन गोविंद राम साहू और तिलक राम साहू ने किया।

### एचपीवी टीकाकरण ...

से बचाव हेतु एचपीव्ही टीका वर्तमान में जिला चिकित्सालय में प्रत्येक कार्य दिवस में लगाया जायेगा। इस हेतु वही किशोरियां पात्र होंगी जिन्होंने अपना 14वां जन्म दिवस मना लिया हो परन्तु 15वां जन्मदिन न मनाया हो। आयु के प्रमाण पत्र हेतु आधार कार्ड, फोटो आई.डी. कार्ड मान्य किया जायेगा। पहचान पत्र न होने पर माता पिता द्वारा हस्ताक्षरित शपथ पत्र भी मान्य किया जायेगा, जिस हेतु फिजिकल कान्सेंट फार्म एवं एज डिक्लरेशन फार्म पूर्ण रूप से भरकर यूविन पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा। टीकाकरण पश्चात लाभार्थी को यूविन पोर्टल द्वारा जारी डिजिटल प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जायेगा। इस अवसर पर सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डा. आरके. श्रीमाली, जिला टीकाकरण अधिकारी डा. जितेन्द्र कुमार सिंह, आरसीएच नोडल अधिकारी डा. सानू नायक, खण्ड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी आरके सोनबाईर, जिला वैक्सीन कोल्ड चेन मैनेजर रविकान्त साहू, जिला वैक्सीन स्टोर मैनेजर राजेन्द्र कुमार सहारे, एएनएम सेवती चन्दन, बालोद अर्बन के समस्त मितानिन, जिला चिकित्सालय के अधिकारी कर्मचारी व अस्पतात में उपचाररत मरीज व उनके परिजन उपस्थित रहे।

### वन कर्मचारी संघ ने पूर्व....

इस अवसर पर वर्तमान प्रांताध्यक्ष अजीत दुबे ने प्रांतीय सभा में श्रीफल, शाल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर मूलचंद शर्मा को सम्मानित किया। सभा में उपस्थित पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया और करतल ध्वनि से उनका सम्मान किया गया।

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य शिविर में श्रमिकों की जांच कर बांटी गई दवा

**भिलाई।** ईएसआईसी डिस्पेंसरी द्वारा हथखोज के निजी कंपनी में शिविर का आयोजन कर कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान लगभग 40 हितग्राहियों को स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाईयों दी गई । शनिवार को छत्तीसगढ़ शासन के श्रम विभाग द्वारा निर्देशित मासिक जागरूकता और स्वास्थ्य जांच शिविर कार्यक्रम के तहत कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं हथखोज केन्द्र भिलाई द्वारा श्रमिकों की जांच करते हुए उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दी गई। इस दौरान बीमा चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अखिलेश त्रिपाठी के नेतृत्व में भानुमति चौधरी स्टॉफ नर्स, कौशल कान्त, वासुदेव साहू और सतेन्द्र वर्मा की टीम ने सेवाएं दी।

### सेवानिवृत्त कर्मियों ने किराया वृद्धि पर जताया रोष

भिलाई। सिविक सेंटर स्थित मोनूमेंट में शनिवार को सेवानिवृत कार्मिक कल्याण संघ भिलाई की बैठक हुई। इसमें संघ के अध्यक्ष सुरेश चंद और सदस्यों ने प्रबंधन के बेरुखी रवैये पर रोष प्रकट किया। बैठक में प्रबंधन द्वारा थोपे गए किराए वृद्धि पर चर्चा की गई। सभी सदस्य ने किराया नहीं पटाने पर अडिग रहे। सभी केवल बिजली बिल पटा रहे हैं। समिति के लोगों ने कहा कि हम सभी इसी संयंत्र के सेवानिवृत कर्मचारी हैं। हम जिम्मेदारी समझते हैं इसीलिए बिजली बिल समय पर पटा रहे हैं। जबकि कई थर्ड पार्टी बकायादारों ने लाखों रुपए बीएसपी के रोके रखा है। सांसद विजय बघेल और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय द्वारा ज्ञापन देने व चर्चा करने के बाद भी प्रबंधन जनप्रतिनिधियों की बातों को अनदेखी कर रहे हैं। नगर सेवा विभाग केवल अपने चंद मुनाफाखोर अफसरों की सेवा में लगा है। कर्मचारियों का केवल शोषण होता रहा है।

### विचारधारा, संगठन व समाज के प्रति सेवा का भाव कार्यकर्ताओं में जरूरी

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी की पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत गंजपारा सदर मंडल का एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ। उद्घाटन सत्र में मुख्य रूप से कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव, सांसद विजय बघेल, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, जिला महामंत्री विनोद अरोरा, उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार मनोज सोनी, सरिता मिश्रा अशोक राठी, मंडल प्रभारी एवं जिला भाजपा मंत्री गायत्री वर्मा, मंडल भाजपा अध्यक्ष महेंद्र लोढ़ा, मंडल महामंत्री राकेश दुग्गड उपस्थित थे।

## निधन

### वीरेंद्र कुमार नागवंशी



**गुरूर।** ग्राम धानापुरी में निवासी वीरेंद्र कुमार नागवंशी का निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम में किया गया। वे नारायण कोर्राम, रजवंतीन कोर्राम, भागीरथी कोर्राम, हेमीन कोर्राम के नाती एवं राहुल नागवंशी के बड़े भाई थे।

## आयोजन : प्रदर्शनी का अवलोकन व बच्चों के नवाचारों की सराहना की

# विज्ञान और संस्कृतिक का दिखा अनूठा संगम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा




पीएम श्री सेजेस स्कूल डौंडीलोहारा में सांस्कृतिक एवं विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष कांति प्रकाश सोनबरसा रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष जयेश ठाकुर ने की। विशिष्ट अतिथियों में जनपद उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर, शाला प्रबंधन समिति की सदस्य माया ठाकुर, माधुरी निषाद एवं भाजयुमो उपाध्यक्ष प्रिंस शर्मा शामिल रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई सांस्कृतिक एवं विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया और बच्चों के नवाचारों व प्रयोगों की सराहना की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गीत, संगीत, नृत्य और विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण संगीत-नृत्य प्रस्तुति, वाद्य



यंत्र वादन, “बेस्ट ऑफ द बेस्ट” प्रस्तुति, छत्तीसगढ़ी आभूषणों की प्रदर्शनी तथा विज्ञान प्रदर्शनी रहे, जिसने कार्यक्रम को अत्यंत रोचक और आकर्षक बना दिया।

मुख्य अतिथि कांति प्रकाश सोनबरसा ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ शैक्षणिक, खेलकूद, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए अनेक अवसर प्रदान कर रहा है, जिनका विद्यार्थियों को पूरा लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए बच्चों का हर क्षेत्र में आगे बढ़ना आवश्यक है। अध्यक्षीय उद्बोधन में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष जयेश ठाकुर ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभा निखरकर सामने आती है। उन्होंने कहा कि राज्य की विष्णुदेव सरकार और केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार भी बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रही हैं। इन अवसरों का लाभ विद्यार्थियों को मिले, इसके लिए जनप्रतिनिधियों और विद्यालय परिवार को मिलकर प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर माया ठाकुर सहित अन्य अतिथियों ने भी विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों और प्रदर्शनी की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान संस्था प्राचार्य डी.आर. देवहरे ने विद्यालय की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक उपलब्धियों की जानकारी दी। कार्यक्रम का मंच संचालन सीमा सुशील जामवंते एवं दीपशिखा हिरवानी ने किया, जबकि अंत में वरिष्ठ व्याख्याता देशमुख ने आभार प्रदर्शन किया।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम को सफल बनाने में एमडी साहू, घनश्याम सर, रोहिणी नायक, मंजू ताम्रकार, घनश्याम आर्य, मिडिल स्कूल एचएम विभा चंद्राकार, प्राइमरी स्कूल एचएम अभिषेक शुक्ला, क्षमानिधि देवांगन, कल्पना खरे, किरण ठाकुर, शशांक साहू, किरण देवांगन, पलाश सोनकर, तरन्नुम बानो, सुषमा बोरकर, शालिकराम पटेल, शीतेश साहू, अमित चंद्राकर, पी.के. कंवर, नितिन यादव, मेनका ठाकुर, घनश्याम साहू, शशांक सोनकर सहित विद्यालय परिवार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# कलेक्टर जनदर्शन में सुनी गईं लोगों की समस्याएं और दिए त्वरित निराकरण के निर्देश



हरिभूमि न्यूज:बालोद

संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आज आयोजित कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम जिले के विभिन्न स्थानों से अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु पहुंचे आम नागरिकों के लिए राहत भरा साबित हुआ।

इस दौरान कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों से मधुर एवं आत्मीय बातचीत कर उनकी मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आवेदकों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। जनदर्शन में आज ग्राम भेंडी के सरपंच ने गांव में पेयजल समस्या के निराकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। इसी तरह दल्लीराजहरा की चेतना साहू ने वार्ड नंबर 21 में पानी निकासी एवं नाली निर्माण, गुरूर विकासखण्ड के ग्राम बोरिदकला के मनकी बाई, बबली साहू एवं लिमउडीह के दुलेश्वर साहू ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ दिलाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। इसी तरह डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम चिखली के ढालेश्वर साहू प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत किश्त की राशि प्रदान करने, ग्राम बरही के ग्रामीणों ने नाली निर्माण कराने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए।

जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में लोग कलेक्टर से मुलाकात करने पहुंचे थे। कलेक्टर मिश्रा ने जनदर्शन में पहुंचे लोगों से बारी–बारी से मुलाकात कर पूरी आत्मीयता से उनके मांगों एवं समस्याओं को सुना। मिश्रा ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से जनदर्शन में पहुंचे लोगों के मांगों एवं समस्याओं के समुचित निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# मुढ़िया में भक्त माता कर्मा जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर

ग्राम मुढ़िया में तैलिक वंश की अधिष्ठात्री देवी भक्त माता कर्मा की अनुकंपा से ग्रामीण साहू समाज मुढ़िया परिक्षेत्र कसहीकला द्वारा कलश यात्र निकालकर बड़े हर्षोल्लास एवं बाजे गाजे के साथ पूरे गांव में भ्रमण कर भक्त माता कर्मा की आरती एवं ध्वजारोहण किया गया। स्वागत समारोह में मुख्य अतिथि अध्यक्ष, तहसील साहू संघ डौंडीलोहारा परमानंद साहू थे। अध्यक्षता अध्यक्ष, परिक्षेत्रीय साहू समाज कसहीकला किसुन लाल साहू ने किया। अतिविशिष्ट अतिथि शिक्षक सीता राम साहू, पूर्व अध्यक्ष तहसील साहू समाज गुण्डरदेही केशव राम साहू उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा संबोधन में साहू समाज के बारे में अनेक जानकारी दिया गया। विशेष अतिथि महिला उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ डौंडीलोहारा लोकेश्वरी गोपी साहू, जनपद सदस्य डौंडीलोहारा भूपेश नायक, सरपंच ग्राम पंचायत मुढ़िया हरेश कुमार कौशिक, उपाध्यक्ष, परिक्षेत्रीय साहू समाज कसहीकला संतराम साहू, मुढ़िया के द्वारा बच्चों को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

- अतिथियों की उपस्थिति में हुआ स्वागत समारोह

### इनकी रही उपस्थिति

जिसमें कार्यक्रम समाज के समापन समारोह एवं आभार प्रकट संरक्षक रामेश्वर साहू, अध्यक्ष लोमनाथ साहू, सचिव गौतम राम साहू, कोषाध्यक्ष उमलूराम साहू, उपाध्यक्ष यशवंत साहू, सहसचिव टीमन लाल साहू, उपाध्यक्षऐन बाई साहू, संगठन सचिव सुनीता बाई साहू, संदेश वाहक कैलास साहू, सदस्य गण धर्मेन्द्र कुमार साहू, युवराज साहू, रोमन साहू, खीलेशवर साहू, सुर्दशन साहू, टहल सिंह साहू, उदय सिंह साहू, देशरान, राजू साहू, नुतन साहू, युवराम साहू, संतोष कुमार, लीवन साहू, भूपत साहू एवं सौजन्य ग्रामीण साहू समाज मुढ़िया रात्रि कालीन कार्यक्रम बिसोनी बाई का पंडवानी कार्यक्रम ग्राम भेलवा का रखा गया है यह जानकारी शिव कुमार सिन्हा ने दी।

# गायत्री परिवार की ब्लॉक समन्वय समिति का पुनर्गठन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में माता के जन्म शताब्दी के पावन अवसर पर श्री राम जानकी गायत्री शक्तिपीठ गुरुर में ब्लॉक समन्वय समिति का पुनर्गठन किया गया।

संगठन को सुदृढ़ बनाने तथा विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से विभिन्न पदाधिकारी को जिम्मेदारी प्रदान की गई, जिसमें समन्वयक धन सिंह गंजीर, सह समन्वयक डॉ गोपाल साहू, कार्यालय प्रभारी रोहित साहू, विद्या विस्तार प्रभारी द्वारकानाथ ठाकुर, अनुदान कोष प्रभारी यादव राम साहू, कार्यक्रम प्रशिक्षण प्रभारी भोलेश्वर सिन्हा, सह प्रभारी निधि टुवानी, ट्रस्ट प्रभारी बीएस आठनगर, भारतीय संस्कृति प्रभारी बाला राम सोनवानी, सह प्रभारी नरेंद्र साहू, रचनात्मक आंदोलन जगमोहन साहू, मीडिया प्रभारी डॉ हरिकृष्ण गंजीर, नारी जागरण प्रभारी अनुसूइया साहू, सह प्रभारी नीतू ग्वाल, युवा प्रभारी नामदेव साहू, कुमारी रेणुका साहू इस प्रकार जिला प्रभारी की उपस्थिति में पुनर्गठन किया गया।

सभी पदाधिकारीयों ने माता जी के जन्म शताब्दी पर मिलकर कार्य करने की शपथ ली। बैठक में निर्णय लिया गया कि ब्लॉक के सभी क्षेत्रे में युवाओं को सही मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से आगामी अप्रैल माह में युवा चेतना शिविर कन्या कौशल शिविर तथा कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर विशेष रूप से गायत्री शक्तिपीठ जिला बालोद के समन्वयक बीएस अटनागर, कोषाध्यक्ष डॉ जेआर साहू, डॉ डीएल गंजीर, एसआर नायक, भूषण लाल सार्वा, दिलीप निर्मलकर, केजू राम साहू, बाला राम सोनवानी, हरि नाम साहू, लेखराम साहू, दीनदयाल साहू, शालिक राम साहू, चंद्रप्रकाश गंजीर, हरिश्चंद्र साहू, बहुर राम साहू, हेमराज साहू, चिंताराम साहू, बोधन राम साहू, प्रेमा साहू, मनमोहन टुवानी, नरेश साहू, यशवंत गंगबेर, पुरुषोत्तम गर्ग, रामू सिन्हा, प्रीतम साहू, धनेश राम साहू, डॉ रवेंद्र सोनवानी देवेन्द्र सिन्हा, वरुण साहू शंकर साहू, हेमलता साहू, रेणुका साहू, श्लेखा साहू, उषा गंजीर, चित्रलेखा नागवंशी, केसर साहू, तनु, रेणुका, एवं गुरुर भू ब्लॉक के सभी हीरक मंडलों के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता गणों की उपस्थित रही। यह जानकारी ब्लॉक समन्वय समिति के मीडिया प्रभारी डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने दी।

# दो दिनी फाग एवं जस झांकी प्रतियोगिता शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद



छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति और परंपराओं को सहेजने के उद्देश्य से बालोद जिले के ग्राम सकरौद और ग्राम सिकोसा में दो दिवसीय भव्य फाग एवं जस झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस गौरवशाली आयोजन में मुख्य रूप से बालोद जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर शामिल हुईं, जहां उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजन के दौरान दोनों ही ग्रामों में भक्तिमय माहौल बना रहा। फाग गीतों की मस्ती और जस झांकी के माध्यम से कलाकारों ने देवी–देवताओं के जीवंत स्वरूप का प्रदर्शन किया। ढोल–मंजीरों की थाप पर फागुन की मस्ती और माता की सेवा में गाए गए जस गीतों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि हमारी लोक कला, फाग गीत और जस झांकियां मनोरंजन के साधन के साथ साथ हमारी छत्तीसगढ़ी अस्मिता और आस्था का प्रतीक हैं। ग्रामीण अंचलों में ऐसे आयोजनों से आपसी भाईचारा बढ़ता है और हमारी आने वाली पीढ़ी भी अपनी जड़ों से जुड़ी रहती है। उन्होंने आयोजन समिति की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज के आधुनिक युग में भी ग्रामीण क्षेत्रें ने अपनी परंपराओं को जीवित रखा है, जो पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। दो दिनों तक चली इस स्पर्धा में जिले भर से आए नामी फाग और जस दलों ने हिस्सा लिया। कलाकारों ने सामाजिक संदेशों और पौराणिक कथाओं को अपनी झांकियों के माध्यम से बखूबी उकेरा। अतिथियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दलों का उत्साहवर्धन किया।

**इनकी रही उपस्थितः** ग्राम सकरौद के कार्यक्रम में दो दिवसीय फाग एवं जस झांकी प्रतियोगिता कार्यक्रम में सभापति जिला पंचायत बालोद कांति सोनेश्वरी, पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद सोनादेवी देशलहरे, पूर्व सदस्य जिला पंचायत बालोद पुष्पेन्द्र चंद्राकर, सरपंच जसवंत कोसरे, अध्यक्ष आयोजक समिति नरेश निर्मलकर, पूर्व सरपंच तामेश्वर देशमुख, डॉ राकेश साहू, मानसिंह देशलहरे, गिरधर गोपाल कृष्ण आदि शामिल हुए। इसी प्रकार ग्राम सिकोसा के कार्यक्रम में सभापति जिला पंचायत बालोद कांति सोनेश्वरी, पंच उमा चौरे, दीपमाला गोयल, खिलेश्वरी मारकण्डे, चंद्रिका चंद्राकर, महामंत्री युवा मोर्चा सिकोसा मण्डल डामन चौरे, सुखीत लहरे, अध्यक्ष आयोजक समिति राजू पटेल, उद्घोषक अधिवक्ता लेखराम कुम्भकार, सौभाग्य युवा मंच समस्त पदाधिकारीगण एवं समस्त ग्रामवासी,ग्राम पंचायत के, पंचगण, स्थानीय वरिष्ठ नागरिक और भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# पीजी कॉलेज में हुआ वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं सम्मान समारोह



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

स्थानीय शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में

- दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ शुभारंभ
- मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि चंद्राकर तथा अन्य अतिथियों ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। कॉलेज के छात्र–छात्राओं ने मनमोहक राज्य गीत और सरस्वती वंदना की प्रस्तुति देकर अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं स्टॉफ द्वारा मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।

समारोह को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर ने कहा कि विद्याथएँ जीवन ही वह नींव है जहाँ व्यक्ति के भविष्य और चरित्र का निर्माण होता है। मुझे खुशी है कि यह महाविद्यालय शिक्षा के साथ साथ खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी जिले का नाम रोशन कर रहा है। बेटियों और युवाओं को अपनी प्रतिभा पहचानने की जरूरत है, शासन हर कदम पर आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है। वार्षिकोत्सव के दौरान पूरे वर्ष आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। शैक्षणिक सत्र में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र–छात्रओं को प्रशस्ति पत्र दिए गए। इसके अलावा लोक नृत्य, गायन और रंगोली प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रें को नवाजा गया। इस दौरान कार्यक्रम में सभापति जिला पंचायत बालोद कांति सोनेश्वरी, अध्यक्ष जनभागीदारी समिति अमित चोपड़ा, प्राचार्य डॉ जेके खलखो, अध्यक्ष चेंबर ऑफ कॉमर्स हरीश सांखला, गोकुल ठाकुर पार्षद, नरेन्द्र सोनवानी, महाविद्यालय के समस्त स्टॉप गण एवं समस्त छात्र छात्रएं उपस्थित रहे।

# निषाद समाज का वार्षिक अधिवेशन 29 को

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा



छत्तीसगढ़ निषाद (केवट) समाज जिला बालोद की बैठक सोमवार को नर्मदाधाम सुरसुली में आयोजित हुई। बैठक में 29 मार्च को नर्मदाधाम सुरसुली में आयोजित होने वाले समाज के वार्षिक अधिवेशन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। समाज के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार निषाद ने बताया कि वार्षिक अधिवेशन का आयोजन दो सत्रों में किया जाएगा। प्रथम सत्र में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि द्वितीय सत्र में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

प्रथम सत्र में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री राजभूषण चौधरी, समाज के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक कुंवर सिंह निषाद, बिहार सरकार की कैबिनेट मंत्री रमा निषाद तथा विधायक अनिला भेड़िया और संगीता सिन्हा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं द्वितीय सत्र में मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद भोजराज नाग, अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरूराम निषाद तथा मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। जिलाध्यक्ष ने बताया कि अधिवेशन के दौरान समाज की प्रतिभाओं का सम्मान, आदर्श विवाह, सामाजिक परिचर्चा तथा समाज के युवक-युवतियों का परिचय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। समाज के जिला उपाध्यक्ष संतोष निषाद ने बताया कि अधिवेशन में लगभग 40 हजार से अधिक प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम की सफलता के लिए युवा, महिला एवं समाज के प्रमुख पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। अधिवेशन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी होगी तथा रात्रि में सामाजिक समस्याओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। अधिवेशन के पूर्व समाज की महिलाओं द्वारा कलश यात्रा भी निकाली जाएगी। बैठक में समाज के परिक्षेत्रीय पंचगईहा अध्यक्ष एवं उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

// आम सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि, मेरे पक्षकार श्री अशोक शर्मा आ. मेघराज शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी ग्राम सिंघदई चौक मोहारा तह व जिला राजनांदगांव छत्तीसगढ़ ने विक्रेता लेखराम आ. बालाराम जाति गड़रिया निवासी ग्राम ओडारसकरी तह अर्जुन्दा जिला बालोद छत्तीसगढ़ के स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम ओडारसकरी पहनं 09 रानिम अर्जुन्दा तह अर्जुन्दा जिला बालोद छत्तीसगढ़ कि कृषि भूमि जिसका खसरा नं 392/1, 1252/1, 1253/1 रकबा 0.06, 0.37, 0.21 हे. कुल खसरा नं 03 कुल रकबा 0.64 हे. का पक्का सौदा कर ब्याना राशि दिया जा चुका हैं। सौदाशुदा भूमि का पंजीयन शेष हैं।

उपरोक्त समव्यव्हार के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, सोसाइटी, बैंक, वितीय निकाय, शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्थान को किसी भी प्रकार का कोई भी उजर-दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालीन पते पर प्रस्तुत कर देवे समयावधि उपरान्त कि गयी किसी भी प्रकार कि आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगीं और सौदा शुदा भूमि का पंजीयन कर दिया जावेगा।

दिनांक 16-03-2026

सो सूचना जाने
विनोद कुमार शुक्ला (अधिवक्ता)
पूर्व अध्यक्ष
जिला अधिवक्ता संघ राजनांदगांव
ब्राह्मण पारा, गाँधी चौक,
राजनांदगांव छत्तीसगढ़

// आम सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि, मेरे पक्षकार श्री सुजान सिंह आ. आत्माराम जाति कंवर साकिन ग्राम आरबीरा तह डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छत्तीसगढ़ ने विक्रेता फगुवा राम आ. पंचुराम जाति हल्बा साकिन ग्राम परसाडीह तह मारीबंगला देवरी जिला बालोद छत्तीसगढ़ के स्वामित्व एवं आधिपत्य में भूमि स्वामी हक कि कास्तकारी भूमि खसरा नं 1056/2, 1099/2, 1100 रकबा क्रमशः 0.06 हे., 0.29 हे., 0.08 हे. कुल खसरा 03 कुल रकबा 0.43 हे. ग्राम परसाडीह पहनं 20 तह मारीबंगला देवरी जिला बालोद छत्तीसगढ़ में स्थित कृषि भूमि का पक्का सौदा कर ब्याना राशि दिया जा चुका हैं। सौदाशुदा भूमि का पंजीयन शेष हैं।

उपरोक्त समव्यव्हार के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, सोसाइटी, बैंक, वितीय निकाय, शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्थान को किसी भी प्रकार का कोई भी उजर-दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालीन पते पर प्रस्तुत कर देवे समयावधि उपरान्त कि गयी किसी भी प्रकार कि आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगीं और सौदा शुदा भूमि का पंजीयन कर दिया जावेगा।

सो सूचना जाने
दिनांक 16-03-2026
विनोद कुमार शुक्ला (अधिवक्ता)
पूर्व अध्यक्ष
जिला अधिवक्ता संघ राजनांदगांव
ब्राह्मण पारा, गाँधी चौक,
राजनांदगांव छत्तीसगढ़



## खबर संक्षेप



### ग्राम मड़ियापार में कर्मा माता जयंती मनाई

**गुण्डरदेही।** ग्राम मड़ियापार मे रविवार को पापमोचनी एकादशी पर भक्त माता कर्मा माता जयंती मनाई गई। इस अवसर पर ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष योगेश साहू ने अतिथियो का स्वागत सम्मान किया। तत्पश्चात कार्यक्रम मे शामिल जनपद सदस्य आसिफ गहलोत, पूर्व जनपद सदस्य ममता निजानंद चंद्राकर, गुरुदेव नाड़ी वैद्य वीरेंद्र देशमुख व अन्य सामाजिक लोग शामिल हुए, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वीरेंद्र देशमुख ने मां कर्मा की त्याग और समर्पण को सच्चा सेवा बताया। गुरुदेव वीरेंद्र देशमुख ने सेवा भाव से मोक्ष धाम सेवा संस्थान लिमोरा की ओर से ग्रामीण साहू समाज को पांच हजार रुपए सहयोग राशि प्रदान की। कार्यक्रम सुनीत साहू, बिज्जु साहू, आशीष शुक्ला, अजीत शुक्ला, सरपंच तिलेश्वरी बघेल, पूर्व सरपंच सरोज साहू, ढ़ाल साहू, शिव बघेल केदार सिंह ठाकुर व सभी समाज के ग्रामीण अध्यक्ष व ग्रामवासी उपस्थित थे।

### ग्राम धमना में गीता जयंती आज

**जामगांव आर।** ग्राम धमना में कोसरिया यादव समाज व समस्त ग्रामवासी तत्वाधान में मंगलवार 17 मार्च को गीता जंयती का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। प्रारंभ में सामाजिक महिलाए द्वारा गांव में कलश यात्रा निकाली जाएगी। दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि अशोक साहू विधायक प्रतिनिधि शुभारंभ करेंगे। अध्यक्षता अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जामगांव आर राकेश ठाकु करेंगे। विशेष अतिथि जिला अध्यक्ष कोसरिया यादव समाज दुर्ग अर्चना यादव, जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ गायत्री यादव, सरपंच नवागांव कविता साहू, रुपेंद्र शुक्ला, भेष आठे, सरपंच बेल्हारी अमीत अग्रवाल, रवि अग्रवाल, सरपंच धमना लोकेश महलवार, लाल कुमार ठाकुर, सतीश स्वर्णकार, शीतल कोठारी व सिरेन्द्र साहू मंचासिन रहेंगे। शाम को समापन समारोह के मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव स्कुली रहेंगे। अध्यक्षता धर्मपत्नि सांसद दुर्ग लोकसभा रजनी विजय बघेल करेंगे। विशेष अतिथि पूर्व विधायक डां दयाराम साहू, सभापति जिला पंचायत दुर्ग कल्पना नारद साहू, लालेश्वर साहू, खेमलाल देशलहरे, कमलेश साहू, नारद साहू, लोकेश महलवार, पुष्पलता खुमान जांगड़े, लाल कुमार साहू, जोगी राम साहू, अंकालु साहू, बैसाखु यादव व पवन यादव मंचासिन रहेगे। उक्त जानकारी देते हुए ग्रामीण कोसरिया यादव समाज अध्यक्ष मनीष यादव ने बताया कि कार्यक्रम सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा। सामाजिक महिलाए द्वारा गांव मे कलश यात्र निकाली जाएगी। तत्पश्चात यादव समाज द्वारा राउत नाचा की प्रस्तुति होगी। वही रात्रि में भुईया के सिंगार छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी हुच्चेटोला की प्रस्तुति का आनंद लेंगे ग्रामीण जन उपस्थित रहेंगे।

### मारपीट मामले में छावनी थाना के दो आरक्षक लाइन अटैच

**भिलाई।** छावनी थाने में पदस्थ आरक्षक राकेश चौधरी ने स्टेशन परिसर में खडे.भाजपा नेता के भाई नागेश को बंदूक की बट से मारा और कॉलर पकड़कर खींचने लगा। इसका वीडियों सोशल मीडिया में वायरल हुआ, जिसके बाद मामले में संज्ञान लेते हुए एसएसपी विजय अग्रवाल ने आरक्षक राकेश चौधरी को लाइन अटैच कर दिया है। गौरतललब है कि भाजपा नेता आनंद साहू के भाई नागेश पर बंदुक की बट से मारने का वीडियों सोशल मीडिया में जमकर वायरल हुआ था।

**आयोजन : मेधावी छात्रा का हुआ सम्मान, कलश यात्रा से हुई कार्यक्रम की शुरुआत**

# भंवरमरा में भक्त माता कर्मा जयंती धूमधाम से मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

तहसील साहू संघ डौंडीलोहारा के अंतर्गत नवीन परिक्षेत्र भंवरमरा में पापमोचनी एकादशी रविवार 15 मार्च को परिक्षेत्र साहू समाज भंवरमरा एवं ग्रामीण साहू समाज भंवरमरा के तत्वावधान में कर्मा जयंती का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे बाजे गाजे के साथ कलश यात्रा से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष शामिल हुए।

इसके पश्चात दोपहर 12 बजे भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना, आरती एवं ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में परमानंद साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ डौंडीलोहारा उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता पुष्पोत्तम साहू अध्यक्ष, परिक्षेत्र साहू समाज भंवरमरा ने की। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में राजेन्द्र साहू पूर्व तहसील अध्यक्ष, डौंडीलोहारा, लोकेश्वरी साहू म.उपाध्यक्ष, तह. साहू संघ डौंडीलोहारा, युवराज साहू संगठन सचिव, तह. साहू संघ डौंडीलोहारा, निर्मला साहू संगठन सचिव, तह साहू संघ डौंडीलोहारा, अंकालू राम साहू न्याय प्रकोष्ठ तह साहू संघ डौंडीलोहारा, खेमंत साहू कोषाध्यक्ष तह. साहू संघ डौंडीलोहारा भुनेश्वर



साहू युवा प्रकोष्ठ तह साहू संघ डौंडीलोहारा, शकुंतला साहू संयोजक म.प्रकोष्ठ तह. साहू संघ डौंडीलोहारा डोमार साहू ,उपाध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज भंवरमरा, ललित कुमार साहू अध्यक्ष, परिक्षेत्र साहू समाज रेंगाड़बरी, ख़ेमलता साहू म.उपाध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज भंवरमरा, देवेंद्र साहू ,पूर्व सचिव, परिक्षेत्र साहू समाज रेंगाड़बरी, रामेश्वर साहू कमकापार, जयचंद साहू अध्यक्ष, ग्रामीण साहू समाज भंवरमरा, गजेंद्र साहू, नामेश साहू एवं साहू समाज के समस्त पदाधिकारी एवं स्वजातीय बंधु एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। दोपहर 1 बजे अतिथियों का स्वागत, उद्बोधन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज की एकता, संस्कृति और परंपराओं को बनाए रखने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग, महिलाएं एवं युवा उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर माता कर्मा की आरती कर समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम का समापन मूरिया मानस परिवार परसोंदा (चरामा) उ.ब. कांकेर की प्रस्तुति के साथ हुआ। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारी, ग्रामवासी एवं आसपास के गांवों से आए श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रहे। ग्राम पंचायत भंवरमरा के सरपंच निर्मला ठाकुर द्वारा साहू समाज के कार्यक्रम को पूरे गांव का आयोजन बताते हुए समाज की मांग पर परिक्षेत्र स्तरीय भवन निर्माण के लिए जमीन आबंटित करने का घोषणा किया गया। मेधावी छात्रा दसोदा साहू का हुआ सम्मान कर्मा जयंती कार्यक्रम के दौरान समाज की होनहार छात्रा दसोदा साहू को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। दसोदा साहू ने आर्थिक रूप से कमजोर स्थिति होने के बावजूद कक्षा 10वीं की परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर समाज और गांव का नाम रोशन किया है।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगणों एवं समाज के लोगों ने दसोदा साहू की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर समाज के लोगों ने दसोदा साहू की आगे की पढ़ाई में सहयोग करने का निर्णय भी लिया। समाज के कुछ पदाधिकारियों एवं उपस्थित जनों ने दसोदा साहू को ड्रेस एवं पुस्तकें उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया, ताकि वह अपनी पढ़ाई आगे भी जारी रख सके और भविष्य में समाज व देश का नाम रोशन करे तहसील साहू संघ डौंडीलोहारा के कोषाध्यक्ष खेमंत साहू ने त्वरित एक हजार रुपए से सहयोग करते हुए कहा कि समाज में आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान छात्रा छात्राओं को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

### कोसागोदी में संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा जयंती मनाई




**गुरूर।** परिक्षेत्रीय साहू समाज कोसागोदी में कर्मा जयंती के अवसर पर पूजा आरती की और खिचड़ी खिलाई गई। सेवा, त्याग और समर्पण की प्रतिमूर्ति, भगवान श्री कृष्ण की अनन्य भक्त, संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा जयंती की मनाई गई। इस अवसर जनपद पंचायत गुरुर एवं तहसील प्रतिनिधि परिक्षेत्रीय साहू समाज कोसागोदी, संचार संकर्म एवं निर्माण समिति सभापति डॉ हरिकृष्ण गंजीर, अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज कोसागोदी ईश्वर साहू, सभापति संचार संकर्म एवं निर्माण समिति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर एवं तहसील प्रतिनिधि परिक्षेत्रीय साहू समाज कोसागोदी नकुल साहू, उपाध्यक्ष यंतकिशोर साहू, सचिव रुखमती गंजीर संयोजिका महिला प्रकोष्ठ एवं परिक्षेत्रीय साहू समाज कोसागोदी के सभी पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### भक्त माता कर्मा जयंती का दो दिनी भव्य कार्यक्रम



**गुण्डरदेही।** नगर के साहू सदन में तहसील साहू संघ, परिक्षेत्रीय साहू संघ एवं नगर साहू संघ गुण्डरदेही के संयुक्त तत्वावधान में आराध्य देवी संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा की जयंती का दो दिवसीय भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसमे पूरे नगर का भ्रमण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला साहू समाज अध्यक्ष महेन्द्र कुमार साहू ने की। विशेष अतिथि पूर्व विधायक डॉ. दयाराम साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, जिला उपाध्यक्ष भानुमति साहू, ज्ञानेश्वर साहू एवं केशवराम साहू पार्षद सेवक महिपाल आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान समाज द्वारा भवन निर्माण के लिए राशि की स्वीकृति हेतु मांग पत्र सौंपा गया। इस पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने समाज को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे शीघ्र ही साहू समाज के प्रतिनिधियों के साथ मुख्यमंत्री और उप–मुख्यमंत्री से भेंट करेंगे। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि साहू समाज के भवन के लिए 30 लाख रुपए की राशि की मांग की जाएगी और इसे शासन से स्वीकृत कराकर समाज को सौंपा जाएगा। दो दिवसीय आयोजन के दौरान विधि–विधान से पूजा–अर्चना, हवन–पूजन, महाआरती और खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। शोभायात्र के दौरान समाज की महिलाओं और युवाओं ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया, जिससे पूरा नगर माता कर्मा के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर डॉ.मानसिंह सार्वा अध्यक्ष तहसील साहू संघ गुण्डरदेही ,हेमंत कुमार साहू उपाध्यक्ष, संतोष कुमार साहू ,किशन लाल, दिलीप कुल्हारे, लेखु राम साहू सहित समस्त तहसील एवं परिक्षेत्रीय पदाधिकारीगण व बड़ी संख्या मे ग्रामीण पदाधिकारीगण व महिलाए उपस्थित थे।

■ विधायक सहित कई जनप्रतिनिधि रहे उपस्थित

## श्रद्धा और उत्साह से मनाई गई भक्त माता कर्मा जयंती

**जामगांव आर।** क्षेत्र के अनेकों गांव में साहू समाज की आराध्य भक्त माता कर्मा की जयंती पापमोचनी एकादशी 15 मार्च को श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुई। इस अवसर पर साहू समाज द्वारा स्थानीय, परिक्षेत्र, तहसील, जिला एवं प्रदेश स्तर पर जयंती महोत्सव का आयोजन किया जाता है।

इसी क्रम में रविवार को परिक्षेत्रीय साहू संघ जामगांव के अंतर्गत ग्राम औंरी, बोरवाय, जामगांव, भंसुली, बीजाभाटा, चुलगहन, कुरमीगुण्डरा मर्रा, परसाही एवं फेकारी में हर्षोल्लास के साथ कर्मा जयंती मनाई गई। सभी ग्राम इकाइयों में समाज की मातृशक्तियों द्वारा कलश शोभायात्र निकाली गई, जिसके पश्चात भगवान श्रीकृष्ण और भक्त माता कर्मा की आरती–पूजा की गई।

ग्राम औंरी में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कल्पना नारद साहू, जिला पंचायत सभापति ने कहा कि समाज की आने वाली पीढ़ी को संस्कारवान बनाना आवश्यक है। जिस प्रकार भक्त माता कर्मा ने एक महिला होकर केवल साहू समाज ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण मानव समाज के उत्थान के लिए कार्य किया, उसी प्रकार उनके बताए मार्ग और संदेश को हमें अपने जीवन में धारण करना चाहिए। उन्होंने समाज की मांगों को पूरा करने का आश्वासन भी दिया।

अध्यक्षता कर रहे साहू समाज तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने कहा कि समाज में संस्कार की गंगा बहती है इस गंगा को पवित्र रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को सजग रहना होगा।सजगता से समाज को संभल मिलेगा जिससे आने वाली पीढ़ी को विरासत में संस्कार का उपहार देना आसान होगा। उन्होंने भरर में 25 व 26 अप्रैल को आयोजित तहसील स्तरीय कर्मा जयंती में पधारने का



न्योता दिए। विशेष अतिथि जामगांव परिक्षेत्र के अध्यक्ष पारखत साहू ने कहा कि समाज में बढ़ते अंतरजातीय विवाह चिंता का विषय है। आज हमारे बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में और विभिन्न पदों पर सफलता प्राप्त कर रहे हैं, लेकिन समाज के इतिहास और नियमों की जानकारी नहीं होना चिंताजनक है। सामाजिक बैठकें, कर्मा जयंती और सामाजिक सम्मेलन ही समाज की पाठशाला हैं, जहां युवा पीढ़ी की उपस्थिति अनिवार्य होनी चाहिए। उपाध्यक्षद्वय बेनीराम साहू एवं भानुप्रिया साहू ने कहा कि आज पूरे हिन्दू समाज को संगठित होकर कार्य करने की आवश्यकता है।





पूर्व उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ पाटन, एवं संरक्षक परिक्षेत्रीय साहू संघ जामगांव आर डॉ गुलाब साहू ने कहा कि सामाजिक और धार्मिक आयोजनों की सफलता में मातृशक्तियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि आज युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति चिंता का विषय है, जिससे दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। इसे रोकने के लिए समाज को सामूहिक प्रयास करना होगा। पूर्व समय में समाज में युवा योग जागरण महोत्सव प्रारंभ किया गया था, उन्होंने योग को जीवन में उतारने का आह्वान भी किया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, कलश सजाओ प्रतियोगिता, प्रतिभा सम्मान समारोह, प्रश्नोत्तरी मंच, एवं रात्रि कालीन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जामगांव परिक्षेत्र के वरिष्ठ सलाहकार कामता प्रसाद साहू, नीलकंठ साहू ने कहा कि जामगांव परिक्षेत्र ऊर्जा से भरपूर क्षेत्र है, यहां के पदाधिकारी हमेशा नए विचार के साथ समाज में नवाचार करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में ऐसा कार्य करना चाहिए जिससे इतिहास में नाम दर्ज हो सके।

परिक्षेत्र के संगठन सचिव लोकेश साहू एवं त्रिवेणी साहू ने कहा कि आज से 1010 वर्ष पूर्व माता कर्मा ने जन्म लेकर समाज की कुरीतियों को दूर किया और अपनी भक्ति से भगवान को खिचड़ी खिलाने का गौरव प्राप्त किया। ऐसे महान व्यक्तित्व की संतति होने पर हमें गर्व होना चाहिए।

सरपंच मीनू राकेश शर्मा, उपसरपंच नूतन रूपलाल साहू, जामगांव परिक्षेत्र के संरक्षक किशोर साहू, रविशंकर साहू, पूर्व उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ पाटन सरिता साहू, वरिष्ठ सलाहकार हेमलाल साहू अश्वनी साहू, सचिव संतोष साहू, कोषाध्यक्ष अरविंद साहू, संयोजक युवा प्रकोष्ठ कुलेश्वर साहू, संयोजक न्याय प्रकोष्ठ मनीष कुमार साहू, तहसील प्रतिनिधि टोप सिंह साहू, चमेली साहू प्रचार सचिव, नंदिनी साहू महिला संयोजिका, लक्ष्मी साहू सह सचिव, अंगेश्वर साहू संयोजक व्यापारी प्रकोष्ठ, मीडिया प्रभारी ईश्वर ने भी कर्मा जयंती की बधाई देते हुए माता कर्मा के संदेशों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। प्रमुख रूप से स्थानीय अध्यक्ष गिरजा शंकर साहू, महेश साहू करुणा साहू, यमुना साहू, रवि बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाई गई भक्त माता कर्मा जयंती

**कुसुमकसा।** ग्रामीण साहू समाज कुसुमकसा द्वारा समाज की अराध्य देवी संत शिरोमणी भक्त माता कर्मा जयंती हर्षोल्लास व श्रद्धा के साथ कर्मा भवन मनाई गई। सुबह मां भक्त कर्मा का पूजा अर्चना कर भव्य कलश यात्रा निकाला गया जिसमें साहू समाज की सभी महिलाओं और पुरुषों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

उक्त कलश यात्रा दीप चौक,बैगा पारा ,अटल चौक ,दुर्गा मंदिर ,बस स्टैंड चौक, गैरेज पारा ,तालाब पारा ,आजाद चौक,आदर्श चौक होते हुए कार्यक्रम स्थल कर्मा भवन में समाप्त हुआ। कर्मा जयंती समारोह मंजू संजय बैस जनपद सदस्य के मुख्य अतिथि ,गौतम कुमार साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज कुसुमकसा की अध्यक्षता व संजय बैस पूर्व जनपद सदस्य, अनिल सुथार अध्यक्ष व्यापारी संघ कुसुमकसा गौरी शंकर साहू उपाध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज कुसुमकसा, लक्ष्मी साहू परिक्षेत्र उपाध्यक्ष



प्रह्लाद साहू, संतोष जैन और पुष्पजीत बैस के विशेष अतिथि में संपन्न हुआ। मां कर्मा की पूजा अर्चना और महा आरती कर कर्मा जयंती समारोह का शुभारंभ किया गया। तदपश्चात अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। अतिथियों का स्वागत पुष्पहार व बेज लगाकर किया गया मुख्य अतिथि के आसंदी से मंजू संजय बैस ने साहू समाज के गौरव भक्त माता कर्मा के आदर्शों पर चलने और समाज के उत्थान के लिए कार्य करने की बात कहीं गई। भक्त माता कर्मा का जीवन हम सभी के लिए समाज सेवा और अटूट भक्ति का आदर्श है। भगवान कृष्ण के प्रति उनका समर्पण भारतीय आस्था का अद्भुत उदाहरण पेश करता है। संजय बैस ने भक्त माता कर्मा को सेवा समर्पण व त्याग की देवी बताते हुए उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान उपस्थित जनों से की इस अवसर पर बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसे सभी ने सराहा। इस अवसर पर सोहन साहू मुकेश साहू रोहित साहू लोकनाथ साहू जीवन साहू अरविंद साहू टीकम साहू दुष्यंत साहू जय साहू निर्भय राम साहू कमलकांत साहू भूषण साहू सहित समाज के युवा महिला पुरुषो का सराहनीय सहयोग रहा।

## कर्मा जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई

**कुसुमकसा।** ग्रामीण साहू समाज गिधाली मे कर्मा जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। आज के कार्यक्रम में साहू समाज के साथ साथ बाकी सभी समाज के लोगो ने भी बढ़चढ के हिस्सा लिए आयोजीत पाप मो च नी एकादसी भक्ती मां कर्मा जयंती समारोह के मुख्य अतिथी क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य सुश्री नीलिमा श्याम कार्यक्रम के अध्यक्षता तहसील साहू समाज के अध्यक्ष हिंसा राम साहू विशेष अतिथि के रूप में तहसील साहू समाजके सचिव रतन साहू,भोज कुमार साहू, गिधाली के ग्राम पटेल लिखन लाल बालेंद्र, ग्राम प्रमुख लखन लाल भुवार्य, बिदेशी राम मशियारे प्रभुराम भुवार्य निरभे राम साहू दुर्गा साहू रोहिदास साहू लेखीका साहू मोतिन बाई साहू धनेश्वर साहू समाज के संरक्षक एव

■ कलश यात्रा और महाआरती से हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ



पूर्व अध्यक्ष देवशण साहू भागी राम साहू रहे। भक्त मां कर्मा जयंती के कार्यक्रम कलश यात्रा मे गांव भ्रमण कर हिन्छा राम के द्वारा ध्वजा रोहण किया गया और माताओ ने महाआरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया साथ रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और मुख्य अतिथि एवं अतिथि उद्बोधन और इस कार्यक्रम ग्रामिण साहू समाज के अध्यक्ष दसरथ साहू के आदेश अनुशार भोजन प्रसादी के साथ समापन हुआ। इस कार्यक्रम के संचालक टिकेन्द्र साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज कुसुम कसा के द्वारा किया गया।

**पुण्य स्मृति में हो रहा धार्मिक आयोजन**

## श्रीमद् भागवत कथा में ध्रुव चरित्र और कपिल चरित्र का किया भावपूर्ण वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम खप्परवाड़ा में आयोजित संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथा वाचक पं. भूपेंद्र पांडे जी ने श्रद्धालुओं को ध्रुव चरित्र और कपिल चरित्र का पावन प्रसंग सुनाया। कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और भक्ति भाव से भगवान की महिमा का श्रवण किया। कथावाचक पं. भूपेंद्र पांडे जी ने ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि बालक ध्रुव ने कठिन तपस्या कर भगवान विष्णु को प्रसन्न किया और अटल भक्ति के बल पर ध्रुव तारा के रूप में अमर हो गए। इस प्रसंग के माध्यम से उन्होंने



बताया कि सच्ची श्रद्धा, भक्ति और दृढ़ संकल्प से मनुष्य जीवन में बड़ी से बड़ी उपलब्धि प्राप्त कर सकता है। इसके साथ ही कपिल चरित्र का वर्णन करते हुए उन्होंने भगवान कपिल मुनि के उपदेशों का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि भगवान कपिल ने माता देवहूति को ज्ञान, भक्ति और वैराग्य का उपदेश देकर मोक्ष का मार्ग बताया। इस प्रसंग से मानव जीवन में सत्कर्म, संयम और ईश्वर भक्ति का महत्व समझाया गया।

यह धार्मिक आयोजन स्व. वीरेंद्र सिंह चंद्राकर जी की पुण्य स्मृति में किया जा रहा है। आयोजन में उनके पुत्र संदीप चंद्राकर और सौरभ चंद्राकर सहित परिवारजनों और ग्रामवासियों की सक्रिय सहभागिता रही। कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, कैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

KALDA HOSPITAL
कालड़ा हॉस्पीटल
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सैंटर
• प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न केयर
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज
• कॉस्मेटिक सर्जरी
• हेयर ट्रांस्प्लांट
• लाइपोसक्शन
• अंगों का प्रत्यारोपण
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स माल के पास, रायपुर
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
18 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
यदि आपके पास 2,3,4 या 5 श्रद्धालुओं का छोटा ग्रुप है तो भी आप इन्हे निर्धारित तिथियों मे इस ग्रुप के साथ भेज सकते है इससे आपकी यात्रा कैंसिल नही होगी और आसानी से यात्रा हो सकेगी
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411